aglasem.com

FOR UP CLASS 10 PREPARATION

UP Board Class 10th Model Paper 2027 Commerce

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
UP Class 10	2027	Sample Paper	Commerce

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र
सत्र–2026–27
कक्षा– 10
विषय–वाणिज्य

विषय कोडः– 935 संकेतांकः–829

समय– 3 घण्टे 15 मिनट पूर्णांक– 70

नोटः प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

निर्देशः सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक प्रश्नों के सम्मुख अंकित है। इस प्रश्न पत्र के दो खण्ड है। खण्ड 'अ' में 20 अंक के 20 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न एक अंक के हैं, जिनके उत्तर ओ0 एम0 आर0 शीट पर देने हैं। ओ0 एम0 आर0 उत्तर पत्रक पर चार विकल्प में से सही उत्तर चुनकर गोले को नीले अथवा काले बॉल प्वाइंट कलम से भरें। ओ0 एम0 आर0 पर उत्तर अंकित करने के पश्चात उसे काटे नहीं तथा इरेजर अथवा व्हाइटनर आदि का प्रयोग न करें। दूसरा खण्ड 'ब' में 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं। जिसमें अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 30 शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 100 शब्दों में एवं वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर अधिकतम 200 शब्दो में लिखिये।

खण्ड–अ

बहुविकल्पीय प्रश्न

1. व्यापार खाते के ऋणी पक्ष में लिखा जाता है– 1
   (A) मजदूरी खाता (B) वेतन खाता
   (C) सामान्य व्यय खाता (D) रोकड़ खाता
2. यदि अन्तिम रहतिया तलपट के अन्दर दिया गया हो, तो उसका लेखा किस खाते में किया जायेगा? 1
   (A) लाभ–हानि खाता (B) व्यापार खाता
   (C) रोकड़ खाता (D) आर्थिक चिठ्ठा
3. पास बुक के डेबिट शेष का अर्थ है– 1
   (A) अनुकूल शेष (B) प्रतिकूल शेष
   (C) उच्चतम शेष (D) इनमें से कोई नहीं
4. बैंक अधिविकर्ष की सुविधा प्रदान करते हैं– 1
   (A) बचत खाते पर (B) चालू खाते पर
   (C) आवर्ती जमा खाते पर (D) सावधि जमा खाते पर
5. विनिमय–विपत्र के भुगतान में अनुग्रह दिवस होते हैं– 1
   (A) 2 (B) 3
   (C) 5 (D) 6
6. नस्तीकरण की कौन सी प्रणाली कम से कम स्थान घेरती है? 1
   (A) लटकती हुई फाइल (B) कार्ड बोर्ड फाइल
   (C) तार की फाइल (D) खड़ी फाइल

7. भारत में ई–मेल का प्रारम्भ कब हुआ? 1

(A) फरवरी 1992 (B) फरवरी 1993

(C) फरवरी 1994 (D) फरवरी 1995

8. व्यावसायिक कार्यालयों में प्रयोग किऐ जाने वाले उपकरणों से बचत होती है– 1

(A) समय की (B) श्रम की

(C) समय व श्रम दोनों की (D) धन की

9. रेलवे बिल्टी किस प्रकार का प्रपत्र होता है? 1

(A) पूर्ण विनिमय साध्य (B) विनिमयसाध्य

(C) अर्द्ध विनिमय साध्य (D) इनमें से कोई नहीं

10. बहुसंख्यक दुकानों का लक्षण है– 1

(A) कम ग्राहक (B) केन्द्रीय प्रबन्ध व्यवस्था

(C) पर्याप्त चुनाव सुविधा (D) नाशवान वस्तुओं की बिक्री

11. बैंक क्या है? 1

(A) एक व्यक्ति (B) एक संस्था

(C) एक समिति (D) इनमें से सभी

12. भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशक मण्डल में सदस्य होते हैं– 1

(A) 15 (B) 20

(C) 25 (D) 30

13. निम्न में से कौन सा कार्य स्टेट बैंक का वर्जित कार्य है? 1

(A) किसानों को ऋण देना (B) अपने अंशों की जमानत पर ऋण देना

(C) समाशोधन गृह का कार्य (D) यात्री चेक जारी करना।

14. बैंकों के राष्ट्रीकरण का उद्धेश्य था– 1

(A) प्राथमिक क्षेत्र को पर्याप्त ऋण (B)बैंकिंग सुविधाओं का सन्तुलित विकास

(C) साख मुद्रा पर उचित नियन्त्रण (D) उपर्युक्त सभी

15. आर्थिक दृष्टि से एक सहकारी बैंक संगठन होता है– 1

(A) श्रमिकों का (B) निर्बल व्यक्तियों का

(C) धनी व्यक्तियों का (D) गरीब किसानों का

16. जब सीमान्त उपयोगिता शून्य होती है तब कुल उपयोगिता होती है– 1

(A) ऋणात्मक (B) धनात्मक

(C) सर्वाधिक (D) शून्य

17. पूंजी का निर्माण निर्भर करता है– 1

(A)व्यय पर (B) आय पर

(C) बचत पर (D) इनमें से सभी

18. उत्पादन में योगदान के लिए पूंजीपति क्या प्राप्त करता है? 1

(A) लाभ (B) लगान

(C) मजदूरी (D) ब्याज

19. आय का जो भाग उत्पादन में लगाया जाता है, उसे कहते हैं– 1

(A) व्यय (B) निःसंचय

(C) बचत (D) इनमें से सभी

20. तुष्टिगुण होता है– 1

(A) वस्तुगत (B) सापेक्ष

(C) निरपेक्ष (D) मूर्त

खण्ड–'ब'

अति लघु उत्तरीय प्रश्न 2X5=10

1. सीमान्त तुष्टिगुण के तीन रूप कौन–कौन से हैं?
2. निकराई व्यय किसे कहते हैं?
3. समय व श्रम बचाने वाले यंत्रों की दो हानियां लिखिए।
4. थोक व्यापारी की चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।
5. व्यापारिक बैंक के रूप में स्टेट बैंक कौन से कार्य करता है?

लघु उत्तरीय प्रश्न 4X4=16

6. आर्थिक चिट्ठा और तलपट में अन्तर स्पष्ट कीजिए।
7. थोक व्यापारी की चार विशेषताएं लिखिए।
8. रिजर्व बैंक के कोई चार कार्य लिखिए।
9. व्यय से क्या तात्पर्य है? व्यय का बचत से क्या सम्बन्ध है?

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 8X3=24

10. श्री प्रकाश के निम्न शेषों से 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष के अन्तिम खाते बनाइए–

ऋणी शेष	रकम (रूपया)	धनी शेष	रकम (रूपया)
रोकड़ खाता	रू0 53,000	पूंजी खाता	रू0 2,00,000
बैंक खाता	रू0 1,08,200	विक्रय खाता	रू0 1,50,000
क्रय खाता	रू0 1,90,000	कटौती	रू0 200
व्यापारिक व्यय	रू0 200	लेनदार	रू0 50,000
निजी व्यय	रू0 4,000		
अप्राप्य ऋण	रू0 9,000		
भाड़ा	रू0 800		
मजदूरी	रू0 400		
फुटकर व्यय	रू0 400		
कटौती	रू0 200		
वेतन	रू0 2,000		

देनदार	रू0 32,000		
	रू0 4,00,200		रू0 4,00,200

अन्तिम रहतिये का मूल्य रू0 1,00,000 था।

अथवा

निम्नलिखित सूचनाओं से हर्ष का 31 मार्च 2026 को समाप्त होने वाले वर्ष का लाभ–हानिखाता तैयार करें–

वेतन	रू0 4,000	ओवरड्राफ्ट पर ब्याज	रू0 200
देनदार	रू0 32,000	कार्यालय व्यय	रू0 5,000
किराया	रू0 2,000	सामान्य व्यय	रू0 500
बीमा	रू0 1,600	अशोध्य ऋण	रू0 3,000
विज्ञापन	रू0 5,000	मशीनरी	रू0 20,000
सकल लाभ	रू0 35,000	प्राप्त कमीशन	रू0 4,000
पूंजी	रू0 50,000		

अन्य सूचनाएंः–

शुद्ध लाभ की गणना निम्नलिखित समायोजन के बाद कीजिए–

1. देनदारों पर अशोध्य ऋण के लिए 5 प्रतिशत की दर से संचय करना है।
2. मशीन पर 10 प्रतिशत ह्रास काटना है।
3. वेतन रू0 450 तथा किराया रू0 400 बाकी है।
4. पूंजी पर 5 प्रतिशत की दर से ब्याज लगाना है।

11. सम्भल के कान्हा जी ने दिल्ली में कौशल को निम्न माल बेचा–

100 बोरी आलू दर रू0 800 प्रति बोरी

100 बोरी प्याज दर रू0 900 प्रति बोरी

व्यय– लदाई रू0 03 प्रति बोरी की दर से

ट्रक भाड़ा रू0 2,000

मार्ग व्यय रू0 900

एक बीजक बनाइए।

अथवा

मेसर्स अग्रवाल ब्रदर्स, कानपुर ने रैली फैन्स लिमिटेड, कोलकाता की ओर से निम्नलिखित माल बेचा–

30 सीलिंग फैन 48'' दर रू0 1000 प्रति फैन

10 सीलिंग फैन 56'' दर रू0 1100 प्रति फैन

200 टेबिल फैन दर रू0 900 प्रति फैन

एजेण्ट ने निम्न व्यय किए–

रेलभाड़ा रू0 300, पैकिंग व्यय रू0 400, अन्य व्यय रू0 200।

एजेण्ट को विक्रय पर 10 प्रतिशत की दर से कमीशन मिलता है। उपर्युक्त सूचनाओं के आधार पर एक विक्रय–विवरण तैयार कीजिए।

12. भारतीय रिजर्व बैंक के कार्यों का वर्णन कीजिए।

अथवा

उपयोगिता ह्रास नियम को एक उदाहरण तथा रेखाचित्र देकर समझाइए। इस नियम के अपवादों को भी संक्षेप में लिखिए।